
हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 गाय के साथ अमानवीय कृत्य पर पुलिस की कार्रवाई, आरोपी को...



08 अशोकनगर जिले में 280 पटवारी अनिश्चित कालीन...



खबर संक्षेप

सागर बंगाली क्लब की बैठक में दुर्गोत्सव 2026 की तैयारियों की समीक्षा

सागर। सागर बंगाली क्लब द्वारा श्री शारदीय दुर्गोत्सव 2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर डॉ. गीता मुखर्जी के आवासीय परिसर, 40 बी कैंट, सागर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ. देबाशीष बोस, भाग्यजीत घोष, मिहिर गांगुली, लीना घोष, भारती देवनाथ, अनिमा सरकार, निहारिका तिवारी, प्रिया घोष, सौमित्र सरकार, हनी घोष, तपन तिवारी एवं ओम सरकार सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मानवाधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव, अधिवक्ता सुश्री अर्चना तिवारी तथा आयोग के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने दुर्गा पूजा के सफल आयोजन के लिए यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन लिया।

स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

सागर। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए एएनसी पंजीयन, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, एनीमिया प्रबंधन और अनमोल पोर्टल पर डाटा अपलोडिंग में लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का समय पर एएनसी पंजीयन सुनिश्चित किया जाए और स्वास्थ्य गतिविधियों का डाटा उसी दिन पोर्टल पर अपलोड हो। सीवियर एनीमिया प्रबंधन का लक्ष्य पूरा नहीं होने पर संबंधित सीएचओ के सात दिन का वेतन राजसात करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि जिन सेक्टरों की उपलब्धि जिले के औसत 88 प्रतिशत से कम होगी, वहां संबंधित बीएमओ के सात दिन का वेतन राजसात किया जाएगा। बीना बीएमओ की अनुपस्थिति पर कारण बताओ नोटिस और एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। केसली, जैसीनगर और राहतगढ़ में लक्ष्य अनुरूप कार्य नहीं होने पर बीएमओ का वेतन आगामी आदेश तक रोकने को कहा गया। कलेक्टर ने निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम के नियमित निरीक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन मिलने पर लाइसेंस के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जाए। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 27 से 30 अक्टूबर तक

सागर। भारत सरकार एवं संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार खेल और युवा कल्याण विभाग, सागर द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 27 से 30 अक्टूबर 2026 के मध्य किया जाएगा। इस वर्ष युवा उत्सव में पेंटिंग, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक सहित कुल पांच विधाओं का आयोजन किया जाएगा। लोकनृत्य में केवल हिंदुस्तानी शैली ही मान्य होगी। टेप, कैसेट आदि पर प्रस्तुति मान्य नहीं की जाएगी। लोकगीत भारतीय गायन पर आधारित एवं क्षेत्रीय भाषा में हो सकता है। फिल्मी गीतों का प्रदर्शन मान्य नहीं होगा। युवा उत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। आवेदन फार्म कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण विभाग, खेल परिसर सागर से प्राप्त कर 24 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। पोर्टल पर पंजीयन के बिना प्रतिभागी युवा उत्सव में भाग नहीं ले सकेंगे। एक प्रतिभागी केवल एक विधा में ही सहभागिता कर सकता है।प्रतिभागी का जिला सागर का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ मूल निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगी।

नोडल कॉलेज में 'जिला स्तरीय रोजगार मेले' का आयोजन

विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति और आत्मनिर्भरता का भाव चिरस्थाई हो :सागर विधायक शैलेंद्र जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, सागर में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय 'रोजगार एवं करियर अवसर मेले' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि सागर विधायक शैलेंद्र जैन रहे, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी एवं प्रसिद्ध उद्योगपति गुलाब समैया व प्रशासनिक अधिकारी डॉ इमराना सिद्दीकी मंचासीन रहे। प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता की अध्यक्षता तथा डॉ. प्रतिभा जैन के कुशल संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ मेले का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष के साथ युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, हमारे विद्यार्थियों में सेवा, राष्ट्रभक्ति और आत्मनिर्भरता का भाव सदैव चिरस्थाई होना चाहिए। युवा अपने अंदर छिपी प्रतिभा और सामर्थ्य को पहचानें तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर स्वयं का मार्ग तय करें। वह देखो पास खड़ी मंजिल, इंगित कर तुम्हें बुलाती है, और साहस से बढ़ने वालों के



माथे पर तिलक लगाती है—की भावना के साथ युवा अपने-अपने क्षेत्र में महारत हासिल कर देश व प्रदेश का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि उच्च शिक्षा के साथ-साथ युवाओं को व्यावहारिक कौशल से जोड़ना और उन्हें स्वावलंबी बनाना महाविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को सीधे प्रतिष्ठित कंपनियों से जुड़ने का सशक्त मंच प्राप्त हुआ है।

वहीं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में इस रोजगार मेले को युवाओं के स्वर्णिम, उज्ज्वल और आत्मनिर्भर भविष्य के निर्माण में एक अत्यंत अनुकरणीय व सराहनीय कदम बताया।

5 नामी कंपनियों ने 180 विद्यार्थियों का किया चयन

संयोजक डॉ. प्रतिभा जैन के नेतृत्व में आयोजित इस मेले में विभिन्न क्षेत्रों की 5 प्रमुख कंपनियों—सी टू एम सी सी इंदौर, पुखराज हेल्थ केयर, टाटा ए आई जी, ग्रेनुअल ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर एवं भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इन कंपनियों द्वारा विद्यार्थियों के साक्षात्कार लेकर 180 छात्र-छात्राओं का रोजगार के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर चयन किया गया।

इसके साथ ही मेले में स्वरोजगार से जुड़े स्टॉलों में माटी कला का लाइव स्टॉल सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र रहा, जहाँ मौके पर ही चाक पर मिट्टी के दीये व कलात्मक वस्तुएं बनाकर बेची गईं।

समापन सत्र: अतिथियों ने दिए प्रमाण पत्र

मेले के समापन सत्र में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेश केशरवानी एवं विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त सीबीआई डीआईजी मोहम्मद सलीम खान उपस्थित रहे। केशरवानी ने कहा कि प्रतिभा किसी दया की मोहताज नहीं होती, युवा अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखकर निरंतर आगे बढ़ें। अंत में अतिथियों द्वारा मेले में सहभागिता करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों तथा स्टॉल लगाने वाली संस्थाओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. संदीप सबलोक ने बताया कि प्राचार्या डॉ. सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित यह मेला क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत फलदायी सिद्ध हुआ।



13 अक्टूबर को धीरेंद्र शास्त्री गढ़ाकोटा आएंगे अभिषेक भार्गव ने लिया तैयारियों का जायजा

गढ़ाकोटा। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू धर्म एकता रथयात्रा के तहत 13 अक्टूबर को गढ़ाकोटा, रहली और ढाना आगमन होगा। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और स्वागत की तैयारियां तेज हो गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महाराज जी शाम 5 बजे गढ़ाकोटा, 6 बजे रहली और रात 7 बजे ढाना पहुंचेंगे। युवा नेता अभिषेक भार्गव ने तीनों स्थानों पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और श्रद्धालुओं की सुविधाओं, यातायात, सुरक्षा तथा स्वागत व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित लोगों से चर्चा की। उन्होंने आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने और श्रद्धालुओं को असुविधा से बचाने पर जोर दिया। रथयात्रा के माध्यम से सनातन संस्कृति, धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया जाएगा। महाराज जी के दर्शन और स्वागत के लिए क्षेत्रवासी उत्साहित हैं।



सागर-दमोह रोड पर फिर टकराई कार और बाइक, तीन गंभीर अस्पताल में भर्ती

गढ़ाकोटा। सागर-दमोह रोड पर सफर करने वाले लोगों के लिए यह सड़क अब किसी खतरे से कम नहीं है। कब, कहां और किस मोड़ पर हादसा हो जाए, यह कहना मुश्किल है। मंजिल तक पहुंचने की उम्मीद लेकर इस सड़क पर निकलने वाले वाहन चालक कई बार हादसे का शिकार हो जाते हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले करीब ढाई साल में इस मार्ग पर लगभग 400 दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें करीब 100 लोगों की जान जा चुकी है। लगातार हो रहे हादसों के बावजूद सड़क पर सुरक्षा को लेकर सवाल बने हुए हैं। इसी बीच गुरुवार को गढ़ाकोटा-दमोह रोड पर TVS एजेंसी के सामने एक बार फिर सड़क हादसा हो गया। यहां सफेद रंग की क्रेटा कार और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की पहचान वीरे पिता अवध लोधी, निवासी सुनवाह, बकस्वाहा, राहुल पिता प्रभु सिंह लोधी, निवासी उमरा और दिलीप पिता कुंदन सिंह लोधी, निवासी उमरा के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जानकारी जुटाई। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। लगातार हो रहे हादसों ने एक बार फिर इस मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की जरूरत है, ताकि हादसों का सिलसिला थम सके।



सागर। शांति देवी सेन एवं पूर्व सरपंच शरद राजा सेन द्वारा भूतेश्वर मंदिर प्रांगण में पंडित चतुर्भुज पांडे जी के मुखारविंद से पितृ पक्ष में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पप्पू गुप्ता, सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे, प्रदेश महासचिव विजय साहू, उमेश बिलथरिया खट्टू शुक्ला, अंकुर यादव, अंकित घोसी ने भागवत गीता कृष्णा गोपाल की पूजा अर्चना करते हुए श्रीमद भागवत कथा सुनी एवं पंडित जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।



खजऊ तलैया करोड़ों की लागत से हुई तैयार, आज जीर्ण-शीर्ण हालत में

खुरई। करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई खजऊ तलैया आज बदहाली का शिकार है। कुछ साल पहले जल संरक्षण और सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से इस तलैया का निर्माण कराया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव में इसकी हालत जीर्ण-शीर्ण हो गई है। तलैया के घाट टूट गए हैं, चारों ओर झाड़ियाँ उग आई हैं और पानी में गंदगी जमा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही तलैया में जुआरी और शराबी इकट्ठा हो जाते हैं। खुले में शराबखोरी के कारण महिलाओं और बच्चों का वहाँ जाना बंद हो गया है। वार्डवासियों ने प्रशासन से तलैया के जीर्णोद्धार और सुरक्षा व्यवस्था की माँग की है।

सागर में अग्निवीर भर्ती रैली का नौवां दिन 391 अभ्यर्थी अगले चरण के लिए चयनित

सागर। सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर द्वारा इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, सागर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली के नौवें दिन अभ्यर्थियों में उत्साह और अनुशासन देखने को मिला। 01 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही इस भर्ती प्रक्रिया में युवा पूरे उत्साह और देशसेवा के जज्बे के साथ भाग ले रहे हैं। भर्ती रैली के नौवें दिन कुल 630 अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। शारीरिक परीक्षा के अंतर्गत दौड़ में 391 अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त कर अगले चरण के लिए जगह बनाई। इस प्रकार कुल उपस्थित अभ्यर्थियों में से 62.06 प्रतिशत अभ्यर्थी दौड़ में सफल रहे। आगामी कार्यक्रम के तहत संपूर्ण मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर क्लर्क/स्टोरकीपर भर्ती रैली 10 एवं 11 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। वहीं, महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती रैली 14 अक्टूबर 2026 को आयोजित होगी। भर्ती रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए होटल पैराडाइज के पीछे स्थित शिव पार्वती मैरिज गार्डन में ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन सागर और सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर के संयुक्त समन्वय से भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारू एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराया जा रहा है। सेना भर्ती कार्यालय ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता के आधार पर होती है।

हफसिली डेयरी विस्थापन परियोजना में 105 डेयरी संचालकों के प्लॉट आवंटन निरस्त

अंतिम नोटिस के बाद भी निर्धारित समय-सीमा में शेड बनाकर डेयरी संचालित नहीं करने पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा रतौना-हफसिली डेयरी विस्थापन परियोजना के अंतर्गत आवंटित प्लॉट पर निर्धारित समय-सीमा में शेड निर्माण कर डेयरी संचालित नहीं करने वाले डेयरी संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। अंतिम नोटिस जारी किए जाने के बावजूद निर्धारित सात दिन की अवधि में शेड निर्माण कर डेयरी संचालन शुरू नहीं करने तथा नोटिस के जवाब प्रस्तुत नहीं करने अथवा असंतोषजनक जवाब देने वाले 105 डेयरी संचालकों के प्लॉट आवंटन निरस्त कर उनकी जमा राशि राजसात करने की कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई महापौर परिषद द्वारा पारित निर्णय के अनुसार की गई है।

नगर निगम द्वारा डेयरी विस्थापन स्थल पर डेयरी संचालकों को सशर्त अस्थायी रूप से प्लॉट आवंटित किए गए थे। आवंटन की शर्तों के अनुसार संबंधित डेयरी संचालकों को 15 दिन के भीतर शेड का निर्माण कर डेयरी संचालन प्रारंभ करना था। निर्धारित अवधि में शर्तों का पालन नहीं करने वाले 155 डेयरी संचालकों को नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा 17 अगस्त 2026 को अंतिम नोटिस जारी किया गया। नोटिस में संबंधित संचालकों को सात दिन के भीतर शेड निर्माण कर डेयरी संचालित करने तथा अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया था।

नगर निगम द्वारा जारी किए गए नोटिसों में से 118 डेयरी संचालकों की पावती प्राप्त हुई। इनमें से 46 संचालकों ने अपने जवाब प्रस्तुत किए। प्राप्त जवाबों की जांच करने पर केवल 13 डेयरी संचालकों के जवाब संतोषजनक पाए गए तथा 33 जवाब असंतोषजनक पाए गए। इसके अतिरिक्त निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत संबंधित डेयरी संचालकों द्वारा शर्तों का पालन नहीं किए जाने के कारण कुल 105 संचालकों के प्लॉट आवंटन निरस्त कर करने की कार्रवाई की गई है।

नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि डेयरी विस्थापन परियोजना का उद्देश्य शहर में व्यवस्थित डेयरी संचालन सुनिश्चित करना, शहरी क्षेत्रों में पशुपालन से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को कम करना तथा स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना है। इसके लिए आवंटित प्लॉट पर निर्धारित शर्तों के अनुसार डेयरी संचालन प्रारंभ करना आवश्यक है।

विस्थापन परियोजना की शर्तों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

संकट में संबल बनी भूपेन्द्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन

सागर। मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में संचालित 'भूपेन्द्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन' जरूरतमंद मरीजों के लिए संबल बनी हुई है। हेल्पलाइन के माध्यम से 9 सितंबर से 9 अक्टूबर 2026 के बीच एक माह में 108 मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया।बंडा, केसली, गढ़ाकोटा, खुरई, रहली, बीना, देवरी, दमोह सहित विभिन्न क्षेत्रों से सागर में उपचार कराने पहुंचे मरीजों को इस सेवा का लाभ मिला। रक्त की आवश्यकता होने पर हेल्पलाइन के स्वयंसेवक और रक्तदाता समन्वय कर मरीजों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास करते हैं। जरूरतमंद मरीज और उनके परिजन हेल्पलाइन नंबर 9228035418 पर चौबीसों घंटे संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा लैंडलाइन नंबर 07582-262688 तथा भूपेन्द्र सिंह के मोबाइल नंबर 9425171211 पर भी कॉल, व्हाट्सएप या एसएमएस के माध्यम से सहायता मांगी जा सकती है।व विरण के अनुसार, भूपेन्द्र सिंह और उनके पुत्र अविराज सिंह द्वारा आयोजित रक्तदान शिविरों तथा हेल्पलाइन के माध्यम से अब तक 16,659 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है। इन प्रयासों के तहत 50 हजार से अधिक जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने का दावा किया गया है। यह पहल स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने में जुटी है।

साइबर अपराध से सावधानी ही सुरक्षा का पहला कदम : डॉ. रैना चंपावत

गढ़ाकोटा। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गढ़ाकोटा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत साइबर अपराध एवं ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से "साइबर फ्रॉड अवेयरनेस" विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में एसएनडीटी मुंबई की सहायक प्राध्यापक एवं सेबी स्मार्ट वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षक डॉ. रैना चंपावत ने विद्यार्थियों को साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम की संयोजक सुश्री आकृति खरे ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी का जागरूक एवं सतर्क रहना आवश्यक है। डॉ. रैना चंपावत ने बताया कि साइबर अपराधी फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी, केवाईसी अपडेट, फर्जी कस्टमर केयर, सोशल मीडिया और ऑनलाइन निवेश के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, पासवर्ड, पिन और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने तथा बिना जांच-पड़ताल के ऑनलाइन निवेश करने से बचें। उन्होंने कहा कि सतर्कता, डिजिटल साक्षरता और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार ही साइबर अपराध से बचाव के प्रमुख उपाय हैं। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने साइबर फ्रॉड एवं ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञ ने विस्तारपूर्वक समाधान किया। विद्यार्थियों ने कार्यशाला को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।इस राष्ट्रीय कार्यशाला में महाविद्यालय के स्टाफ सहित 70 से अधिक विद्यार्थियों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से सहभागिता की।

अम्बेडकर प्रतिमा के सामने काली पट्टी बांधकर दिया धरना

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

निर्वाचन आयोग की विवादास्पद कार्यप्रणाली, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में गड़बड़ी और वोट चोरी के गंभीर आरोप को लेकर स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ आम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष काली पट्टी बांधकर मुख्य चुनाव आयुक्त के विरोध में धरना दिया एवं बाद में उनका पुतला फूंककर गुस्से का इजहार किया।

देवरी नगर के पुराने कचहरी तिराहे पर स्थित संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाये जाने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया। इस दौरान कांग्रेस



कार्यकताओं काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते हुए चुनाव कार्यक्रमों में गड़बड़ी, वोट चोरी एवं एसआईआर सर्वे में अनियमिताओं को लेकर केन्द्र सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की।

दिन भर चले विरोध एवं धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने पुतला जलाने से रोकने के लिए वाटर कैनन का प्रयोग किया,


प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बाबा राजौरिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष गौरव पांडे, रामकिशोर कुड़ेरिया, वीरेन्द्र लोधी, भरत रजक, अमित सरवैया सहित, शरद सोनी, असफाक खान, जग्गू सेन, लखन यादव, रामेश्वर कुर्मी, मनोज नेमा, राजकुमार यादव, कमलेश यादव, आशू चौरसिया सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वीडियो वायरल होने के बाद भड़का था जनआक्रोश, हाफ एनकाउंटर तक की मांग

गाय के साथ अमानवीय कृत्य पर पुलिस की कार्रवाई, आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा





पलेरा-नौगांव रोड पर गाय के साथ कथित अमानवीय एवं अश्लील कृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उपजे जनआक्रोश के बीच पलेरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय जतारा में पेश किया, जहां से जेल वारंट जारी होने के बाद उसे उपजेल जतारा भेज दिया गया। घटना को लेकर क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही थी। इस दौरान आरोपी का हाफ एनकाउंटर तक करने की मांग की गई। संगठनों ने आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को ज्ञापन सौंपा था। वहीं, कुछ लोगों ने निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं होने पर थाना घेराव और विरोध प्रदर्शन की चेतावनी भी दी थी। ऐसे माहौल में पुलिस की कार्रवाई के बाद मामले में कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 3 अक्टूबर की रात की बताई जा रही है। पलेरा निवासी फरियादी राजेन्द्र राय ने 5 अक्टूबर को थाना पलेरा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि पलेरा निवासी भागचंद उर्फ भज्जू अहिरवार ने गाय के साथ अमानवीय कृत्य किया है। इस घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद मामला चर्चा में आ गया और लोगों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठानी शुरू कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था।

गाय के साथ कथित अमानवीय कृत्य का वीडियो वायरल होने के बाद पलेरा सहित आसपास के क्षेत्रों में लोगों की नाराजगी सामने आई। गौवंश के प्रति धार्मिक आस्था और संवेदनशीलता से जुड़े इस मामले को लेकर विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना था कि इस तरह की घटनाओं पर कानून के अनुसार सख्ती से कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मामले को लेकर आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष संजू चौधरी ने भी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने घटना को शर्मनाक बताते हुए आरोपी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की। उन्होंने यहां तक कहा कि आरोपी का हाफ एनकाउंटर किया जाना चाहिए।

24 घंटे में गिरफ्तारी नहीं होने पर घेराव की दी थी चेतावनी

इस मामले में बहुजन समाज पार्टी से जुड़े स्थानीय नेताओं और खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा गया, तो थाना घेराव अथवा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस चेतावनी के बाद मामला और अधिक चर्चा में आ गया। वहीं, पलेरा और टीकमगढ़ जिले के अनेक नागरिकों ने घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लोगों से वीडियो को बार-बार साझा नहीं करने की अपील की थी। लोगों का कहना था कि घटना से संबंधित वीडियो को प्रसारित करने के बजाय पुलिस को सूचना देकर कानूनी कार्रवाई में सहयोग करना चाहिए। साथ ही, आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराए जाने की मांग भी उठाई गई।

विहिप और बजरंग दल ने थाना पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता भी सामने आए। दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं ने थाना पलेरा पहुंचकर थाना प्रभारी को औपचारिक ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि गौवंश के प्रति लोगों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाले इस कथित कृत्य के आरोपी की पहचान कर पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य लागू कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस से शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की थी। उनका कहना था कि इस प्रकरण में कानून के अनुरूप कार्रवाई कर दोषी को दंडित कराया जाना चाहिए। घटना के विरोध में स्थानीय स्तर पर लगातार प्रतिक्रियाएं सामने आ रही थीं और पुलिस की कार्रवाई पर लोगों की निगाहें टिकी हुई थीं।

एसपी के मार्गदर्शन में पुलिस ने की कार्रवाई

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह और जतारा के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनिल कुमार सिंह के निर्देशन में आरोपी की तलाश के प्रयास किए गए। इसी क्रम में थाना पलेरा पुलिस ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी भागचंद उर्फ भज्जू अहिरवार, पिता मोहन अहिरवार, निवासी वार्ड क्रमांक 2, नौगांव रोड, पलेरा को 8 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय जतारा में पेश किया। न्यायालय से जेल वारंट जारी होने के उपरांत उसे उपजेल जतारा में दाखिल करा दिया गया। इस प्रकार वीडियो वायरल होने के बाद उपजे आक्रोश और विभिन्न संगठनों की कार्रवाई की मांग के बीच पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए आगे बढ़ाया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रीति मार्गव के नेतृत्व में पलेरा पुलिस की टीम ने भूमिका निभाई। कार्रवाई में उपनिरीक्षक संतोष सिंह गौड़, सहायक उपनिरीक्षक फूलचन्द्र बौद्ध, साइबर सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक रहमान खान, प्रधान आरक्षक बालकिशन श्रीवास, प्रधान आरक्षक मनमोहन रैदास, प्रधान आरक्षक रामकिशन अनुरागी, प्रधान आरक्षक अशोक मरावी, प्रधान आरक्षक मनोज कुमार, आरक्षक प्रवेन्द्र पटेल, आरक्षक संतोष, आरक्षक रामकृष्ण, आरक्षक ज्ञानसिंह सेंगर, आरक्षक सुनील, आरक्षक बृजेश लोधी, आरक्षक शिवदयाल, आरक्षक मनोज रावत, महिला आरक्षक मोनिका मुवेल तथा वाहन चालक सुमित दुबे का योगदान रहा।

राहुल गांधी के साथ कथित दुर्व्यवहार की निंदा

वोट चोरी के आरोपों पर कांग्रेस का प्रदर्शन निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

देशभर में कथित वोट चोरी और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के आरोपों को लेकर शुक्रवार को युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए मतदाता सूची की निष्पक्षता, चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। कांग्रेसजनों ने केंद्र सरकार और निर्वाचन व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा करना संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा कथित तौर पर की गई धक्का-मुक्की और दुर्व्यवहार की भी निंदा की। कांग्रेसजनों ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति की आवाज को सम्मान मिलना चाहिए और जनप्रतिनिधियों को अपनी बात रखने का अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित दुर्व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति चिंता पैदा करता है। कांग्रेस नेताओं ने एसआईआर प्रक्रिया के तहत देशभर में लगभग 13 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए जाने के दावे का मुद्दा उठाते हुए इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की। उनका कहना था कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की अनियमितता की आशंका को गंभीरता से लिया जाना चाहिए तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि किसी भी पात्र मतदाता को मतदान के अधिकार से वंचित न होना पड़े। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका पर भी सवाल उठाए और निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित आरोपों पर स्पष्ट जवाब देने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी नीतियों को लेकर भी अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देश का युवा रोजगार और बेहतर भविष्य की अपेक्षा कर रहा है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में युवाओं के सामने कई चुनौतियां हैं। कांग्रेस नेताओं ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि जनता की समस्याओं और सवालों को नजरअंदाज करने से असंतोष कम नहीं होगा। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है और उसके मत की स्वतंत्रता तथा मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

युवा कांग्रेस और कांग्रेसजनों ने एसआईआर प्रक्रिया पर उठाए सवाल

कांग्रेसजनों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा कि मतदाता सूची से संबंधित कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्वाचन व्यवस्था पर जनता का विश्वास कायम रहना आवश्यक है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया नियमानुसार तथा पारदर्शी तरीके से संचालित होनी चाहिए, ताकि किसी भी पात्र नागरिक के अधिकार प्रभावित न हों। युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस परिवार के जिलाध्यक्ष पार्थ सिंह जूदेव ने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण विरोध और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस मताधिकार की रक्षा, चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के मुद्दे पर अपना संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज और उसके मत का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेसजनों ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि मतदाता सूची की पारदर्शिता और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता लोकतंत्र की बुनियादी जरूरतें हैं। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि जब तक कथित अनियमितताओं पर निष्पक्ष जांच और उठाए गए सवालों पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता, तब तक वह लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाती रहेगी।

नवरात्रि से पहले बगाज माता मंदिर की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश



टीकमगढ़। आगामी नवरात्रि पर्व के दौरान बकपुरा स्थित बगाज माता मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और धार्मिक स्थल के सुव्यवस्थित विकास को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बगाज माता मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन किए तथा जिलेवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद उन्होंने सरपंचों, जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं के साथ बैठक कर नवरात्रि पर्व की तैयारियों एवं मंदिर परिसर के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण की जाएं, ताकि पर्व के दौरान दर्शन के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर श्रोत्रिय ने मंदिर परिसर का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्थाओं पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। ऐसे में परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखना, पेयजल की समुचित व्यवस्था करना तथा कचरे का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करना आवश्यक है। संबंधित ग्राम पंचायतें आपसी समन्वय से इन व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएं, जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण मिल सके। बैठक में बकपुरा, सुंदरपुर, गुदनवारा, पठा, नैनवारी, अजनौर, नगारा, राधापुर, मातौली, माडूमर, लार, बुडेरा, पातरखेरा एवं समर्रा ग्राम पंचायतों के सरपंच अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि बगाज माता मंदिर क्षेत्र की सभी संबंधित 14 ग्राम पंचायतों की सामूहिक आस्था का केंद्र है। इसलिए मंदिर परिसर के रखरखाव, स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने की जिम्मेदारी भी सभी पंचायतों को समन्वय के साथ निभानी चाहिए। उन्होंने संबंधित पंचायतों को मंदिर क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

115 ग्राम पंचायतें हुईं टीबी रोग मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीकमगढ़ जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली 115 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। सामाजिक न्याय दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में टीबी मुक्त घोषित ग्राम पंचायतों को उनके योगदान के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। इनमें दो ग्राम पंचायतों को गोल्ड, 22 को सिल्वर और 91 ग्राम पंचायतों को कांस्य पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और टीबी उन्मूलन के प्रयासों को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत, पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित चौधरी, जिला क्षय अधिकारी डॉ. सिद्धार्थ रावत, जिला युवा अधिकारी एवं माय भारत को-ऑर्डिनेटर अनुराग शुक्ला, जिला एनसीसी अधिकारी डॉ. विजय सिंह शाक्य, छतरपुर जिले के सूबेदार राकेश कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक कपिल पाराशर सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सेंट्रल टीबी डिवीजन द्वारा उपलब्ध कराए गए लिंक के माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। लाइव प्रसारण के जरिए अभियान की रूपरेखा, उद्देश्य और टीबी उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। देश के चयनित 55 जिलों को जोड़कर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से टीबी मुक्त भारत अभियान को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।

कलेक्टर श्रोत्रिय, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया पौधरोपण

सेवा संकल्प अभियान के तहत कन्या महाविद्यालय में हुआ वृहद पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और समाज में हरियाली के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से नगर के शासकीय वीरांगना अवंतीबाई कन्या महाविद्यालय परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संचालित सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत आयोजित इस पहल में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौधरोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण, हरित क्षेत्र बढ़ाने और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण तैयार करने का संदेश दिया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने महाविद्यालय परिसर में पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि पर्यावरण को हरा-भरा और सुरक्षित बनाने का संकल्प सभी को प्रेरित करता है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे भी इस तरह के अभियानों से जुड़ें और धरती को हरा-भरा बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक सहभागिता से ही इस दिशा में सार्थक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति का संतुलन बनाए रखने, वायु को स्वच्छ रखने और पर्यावरण को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में पौधरोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और उन्हें संरक्षित करना भी जरूरी है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने और अधिक से अधिक लोगों को हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र तिवारी, जिला महामंत्री मनोज देवलिया, इंजीनियर अभय यादव, सेवा मेरा योगदान के जिला संयोजक विकास यादव, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे, पार्षद आरती साहू, चंद्रभान प्रजापति, जाहिद खान आदि रहे मौजूद।

मातृत्व सुरक्षा से लेकर गंभीर बीमारियों के उपचार, लाभार्थियों ने साझा किए अपने अनुभव

कलेक्टर श्रोत्रिय के प्रयासों से पहुंच रहा शासन की योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दिशा में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निरंतर प्रयासों से जिले में शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से पहुंचाने की पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। अब ग्रामीण अंचलों के हितग्राही विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर न केवल अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं, बल्कि अपने अनुभव साझा करते हुए शासन की इन कल्याणकारी पहलों के प्रति आभार भी व्यक्त कर रहे हैं। मातृत्व सुरक्षा, किसानों की आर्थिक सहायता, उन्नत कृषि, गंभीर बीमारियों के निःशुल्क उपचार, स्वरोजगार और आवास जैसी बुनियादी जरूरतों से जुड़ी योजनाएं जिले के अनेक परिवारों के जीवन में राहत और बदलाव का माध्यम बन रही हैं। योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब पात्र हितग्राहियों को बिना अनावश्यक परेशानी के समय पर सहायता मिले और उसका लाभ उनके जीवन में दिखाई दे। जिले में सामने आए हितग्राहियों के अनुभव इस बात को रेखांकित करते हैं कि सरकारी सहायता जरूरतमंद परिवारों के लिए आर्थिक संबल बनने के साथ ही स्वास्थ्य सुरक्षा, आजीविका और बेहतर जीवन की उम्मीद भी जगाती है।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जरूरतमंद परिवारों की गर्भवती महिलाओं और माताओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है। जिले के ग्राम सैतपुर निवासी अंजली रैकवार ने बताया कि प्रसव के दौरान उनके परिवार ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया था। इसके बाद उनके खाते में पांच हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त हुई। अंजली के अनुसार, इस राशि का उपयोग उन्होंने प्रसव के दौरान अपने स्वास्थ्य और बच्चे की देखभाल के लिए किया, जिससे उन्हें काफी मदद मिली। इसी तरह ग्राम प्रेमपुरा निवासी राजकुमारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत उन्हें छह हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त हुई। उन्होंने इस राशि का उपयोग अपने स्वास्थ्य और बच्चे की देखभाल में किया।

स्वनिधि योजना से स्वरोजगार की राह आसान

शहरी क्षेत्र के छोटे कारोबारियों और पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ पलेरा निवासी गणेश प्रसाद तिवारी को मिला है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत 50 हजार रुपये का ऋण लेकर उन्होंने अपना व्यवसाय स्थापित किया। उनके अनुसार, व्यवसाय ठीक चल रहा है और इससे उन्हें आजीविका चलाने में मदद मिल रही है। स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली ऐसी योजनाएं छोटे कारोबारियों को अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर प्रदान करती हैं। जरूरतमंद हितग्राहियों को आर्थिक संसाधन उपलब्ध होने से वे रोजगार के नए विकल्प तलाश सकते हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। हर परिवार का सपना होता है कि उसके पास सुरक्षित और पक्का मकान हो। जिले के ग्राम बावरी निवासी द्वारका प्रसाद चढ़ार के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना इस सपने को पूरा करने का माध्यम बनी। उन्होंने बताया कि पहले उनका परिवार कच्चे मकान में रहता था। सीमित आय के कारण स्वयं पक्का मकान बनवाना संभव नहीं हो पा रहा था। ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने से उनके परिवार को पक्का मकान बनाने का अवसर मिला और वर्षों पुराना सपना साकार हुआ। यह उदाहरण बताता है कि आवास योजना केवल मकान उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे परिवारों को सुरक्षित आवास और बेहतर जीवन की उम्मीद भी मिलती है।

किसान सम्मान निधि से खर्च की चिंता हुई कम

ग्रामीण अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार कृषि है और खेती के लिए समय पर आर्थिक संसाधन उपलब्ध होना किसानों के लिए बेहद जरूरी है। जिले के जतारा तहसील क्षेत्र के कृषक प्यारेलाल रैकवार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से मिलने वाली सहायता को अपने परिवार के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने बताया कि पहले बोवनी और कृषि संबंधी अन्य कार्यों के लिए उन्हें दूसरों से पैसे उधार लेने पड़ते थे, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती थी। प्यारेलाल रैकवार के अनुसार, दोनों योजनाओं के तहत राशि मिलने से अब उन्हें खेती के खर्चों के लिए पहले की तरह कर्ज नहीं लेना पड़ता। इससे आर्थिक बचत होने के साथ ही परिवार का खर्च चलाने में भी आसानी हुई है। वहीं, ग्राम लमेरा के कृषक जगतराम कुशवाहा को भी किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। ऐसे हितग्राहियों के लिए नियमित आर्थिक सहायता खेती की जरूरतों को पूरा करने में मददगार बन रही है। किसानों की आय बढ़ाने और कृषि उत्पादन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संचालित आत्मनिर्भर दलहन मिशन का लाभ भी जिले के किसानों तक पहुंच रहा है। ग्राम हीरापुर निवासी किसान राधेश्याम पटैरिया ने बताया कि उन्हें योजना के अंतर्गत निःशुल्क उन्नत किस्म का उड़द बीज प्राप्त हुआ।

आयुष्मान योजना बनी उपचार का सहारा

गंभीर बीमारी का इलाज आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। ऐसे में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना यानी आयुष्मान भारत योजना जरूरतमंद मरीजों के लिए राहत का माध्यम बन रही है। जिले के ग्राम हजूरी नगर निवासी संदीप अहिरवार ने बताया कि उनके हाथ की उंगलियां आपस में चिपकी हुई थीं, जिसके कारण उन्हें उपचार की आवश्यकता थी। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से भोपाल के एक बड़े अस्पताल में उनका इलाज हुआ। संदीप के अनुसार, उपचार पर उन्हें अपनी जेब से कोई राशि खर्च नहीं करनी पड़ी और अब वे स्वस्थ हैं। इसी प्रकार ग्राम नन्ही टेहरी निवासी द्वारका प्रसाद यादव को सीने में दर्द और घुटन की शिकायत होने पर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर उन्हें आगे के उपचार के लिए रेफर किया गया। इसके बाद ग्वालियर स्थित अपोलो अस्पताल में उनकी सर्जरी हुई। द्वारका प्रसाद ने बताया कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उनका उपचार संभव हो सका और इसके लिए उन्हें अपनी ओर से कोई राशि खर्च नहीं करनी पड़ी। दोनों हितग्राहियों के अनुभव बताते हैं कि स्वास्थ्य संबंधी गंभीर संकट के समय आयुष्मान योजना पात्र परिवारों को बड़ी आर्थिक राहत दे सकती है।

समाचार संक्षेप

विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतु जनजाति महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता बने पत्रकार गोलू बैरागी



चाचौड़ा। विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतु जनजाति महासंघ द्वारा जिला गुना के ग्राम पेंची निवासी भगवान दयाल बैरागी को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके चयन पर समाजजनों एवं संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर भगवान दयाल (गोलू) बैरागी ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समाजजनों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। साथ ही समाज की समस्याओं, अधिकारों और मांगों को प्रभावी ढंग से प्रदेश स्तर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा।उन्होंने कहा कि समाज के लोगों का प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। संगठन को मजबूत करने तथा समाज के हित में आवाज बुलंद करने के लिए सभी के सहयोग से कार्य किया जाएगा।

विद्यार्थियों ने किया एफडीडीआई हरिपुर का औद्योगिक भ्रमण



चांचौड़ा। सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांचौड़ा के प्राचार्य कृष्ण गोपाल मीना के नेतृत्व में विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षा के लगभग सभी विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण के तहत एफडीडीआई हरिपुर, गुना का भ्रमण कराया गया। एफडीडीआई हरिपुर पहुंचने पर संस्थान के प्राध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा, विभिन्न हुनर एवं उनके महत्व के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि आज के समय में केवल नौकरी प्राप्त करना ही लक्ष्य नहीं होना चाहिए, बल्कि अपने हुनर और तकनीकी ज्ञान के माध्यम से स्वयं का स्टार्टअप शुरू कर अन्य लोगों को भी रोजगार देने वाला बना जा सकता है। औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं एवं स्कूली शिक्षा के बाद विद्यार्थियों को सही करियर का चयन करने, उद्योगों की व्यावहारिक कार्यप्रणाली समझने तथा तकनीकी ज्ञान से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा कि इस अनुभव से उनके दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव आया है इस अवसर पर व्यावसायिक शिक्षक महेंद्र यादव, अंकित भार्गव सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

नवरात्रि के लिए सज-धजकर तैयार हो रहीं मां दुर्गा की प्रतिमाएं

आरोन। शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर जिलेभर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मां दुर्गा की अगवानी में अब महज चार दिन शेष हैं, ऐसे में मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। जिले में करीब एक हजार से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित किए जाने की तैयारी है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक 2 से 12 फीट तक की आकर्षक प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। प्रतिमाओं का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अब रंग-रोगन, नयन निर्माण, श्रृंगार एवं फिनिशिंग का काम अंतिम चरण में है। मां दुर्गा के साथ महाकाली सहित विभिन्न स्वरूपों की प्रतिमाएं भी तैयार की जा रही हैं।

प्रवचन: धर्म साधना और सद्कर्म से ही मिलती है जीवन में सच्ची संतुष्टि

जीवन में संतुष्टि नहीं तो सफलता का कोई मूल्य नहीं : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



इस युग के महान संत आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, महान तपस्वी, ओजस्वी वक्ता एवं बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने राघौगढ़ नगर में चल रही श्रमण धारा प्रवचन माला में मंगलवार को "जीवन में संतुष्टि कैसे आए" विषय पर मंगल प्रवचन दिए।

मुनिश्री ने कहा कि व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में सफल है, लेकिन यदि वह अपनी सफलता से संतुष्ट नहीं है तो उस सफलता का कोई मूल्य नहीं है। उन्होंने जीवन में सफलता और संतुष्टि के आधार पर मनुष्यों को चार श्रेणियों में विभाजित करते हुए कहा कि पहली श्रेणी में वे लोग आते हैं, जो सफल भी हैं और संतुष्ट भी। इस श्रेणी में आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज आते हैं। आचार्य श्री ने एक बार कहा था कि "मैं अपनी धर्म साधना से सफलता की ओर बढ़ रहा हूं और संतुष्ट भी हूं।" मुनिराज ने कहा कि दिगंबर जैन परंपरा में सुप्रसिद्ध आचार्य कुंदकुंद स्वामी के बाद आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज त्याग और तपस्या के क्षेत्र में सर्वाधिक लोकप्रिय संतों में रहे हैं। उनके जीवन में सफलता के साथ संतुष्टि का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उन्होंने दूसरी श्रेणी के बारे में बताया कि इसमें वे लोग आते हैं, जो असफल होने के बावजूद संतुष्ट रहते हैं। ऐसे लोगों की सोच होती है कि "जो प्राप्त है, वही पर्याप्त है।" वहीं तीसरी श्रेणी में वे लोग आते हैं, जो असफल भी हैं और असंतुष्ट भी। ऐसे लोग अपने निर्णय पर अडिग नहीं रहते और बार-बार अपने निर्णय बदलते रहते हैं। सफलता पाने के लिए कई बार वे गलत रास्तों का सहारा भी लेते हैं। मुनि श्री ने आचार्य विद्यासागर जी महाराज के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि अकबर बादशाह के प्रमुख दरबारी बीरबल अत्यंत ज्ञानवान थे और अकबर के दरबार में उनकी सलाह को विशेष महत्व दिया जाता था।

आचार्य श्री कहा करते थे कि "जिंदगी दिमाग से नहीं, किस्मत एवं पुरुषार्थ से चलती है। जिंदगी दिमाग से चलती होती तो बीरबल ही बादशाह होता।" मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने जीवन की चौथी श्रेणी बताते हुए कहा कि इसमें वे लोग आते हैं, जो सफल तो हैं, लेकिन संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि रिलायंस समूह के उपाध्यक्ष रहे प्रताप शाह को कंपनी की ओर से करोड़ों रुपये का पैकेज मिलता था, लेकिन जीवन में संतुष्टि नहीं होने के कारण उन्होंने वह काम छोड़कर दीक्षा का मार्ग अपनाया। मुनि श्री ने कहा कि जीवन में संतुष्टि नहीं है तो सफलता का कोई महत्व नहीं है।

शिविर के प्रतिभागियों का होगा सम्मान

कार्यक्रम संयोजक विकास कुमार जैन ने धर्मसभा में जानकारी देते हुए बताया कि मुनि श्रमण सागर जी एवं मुनि ओंकार सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में दस लक्षण पर्व के अवसर पर राघौगढ़ में आयोजित श्रमण संस्कार शिविर में राघौगढ़ एवं साडा कॉलोनी की जिन माता-बहनों ने सहभागिता कर धर्म साधना की थी, उनका सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह 11 अक्टूबर, रविवार को प्रातः 9:30 बजे मुनि संघ के पावन सानिध्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष सिंघई अशोक कुमार भारिल्य के नेतृत्व में शिविर में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

दुर्घटना में मृतक के माता पिता को 14 लाख से अधिक का एवार्ड घोषित

चाचौड़ा। बीनागंज निवासी कृष्णपाल राजपूत की 2/1/21 को ब्यावरा रेलवे स्टेशन के पास घूमते हुए मारुति कार शिफ्ट डिजायर mp 07/सीसी/2359 के चालक से टक्कर लगने से कृष्णपाल को गंभीर चोट शरीर में गंभीर चोट आई जिसका इलाज भोपाल में होने पर इलाज के दौरान कृष्णपाल की मृत्यु हो गई जिसका अपराध थाना ब्यावरा में 74/2021 में धारा 304A भा द वि में दर्ज हुआ। आवेदक के माता पिता विजय सिंह राजपूत, शशि राजपूत निवासी बीनागंज ने अपने अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव के माध्यम से धारा 166 मो व्ही एक्ट के तहत क्षतिपूर्ति हेतु प्रार्थना की न्यायालय संदीप कुमार पाटिल के न्यायालय ने दोनों पक्षों की साक्ष्य उपरांत गुण दोषों पर निराकरण करते हुए चौदह लाख से अधिक का क्लेम एवं क्लेम प्रस्तुति दिनांक से छे प्रतिशत ब्याज का एवार्ड घोषित किया।

कांग्रेस ने राहुल-प्रियंका की हिरासत का जताया विरोध, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरोन द्वारा भारतीय लोकतंत्र के लिए "काला दिवस" के रूप में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। हनुमान दास मंदिर के सामने आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा की आवाज उठाई। प्रदर्शन पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसमें भाग लिया। इस दौरान केंद्र सरकार की नीतियों तथा दिल्ली में विपक्षी नेताओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया एवं मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। नेताओं ने कहा कि विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की हिरासत का विरोध

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने "ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो" सहित विभिन्न नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में विपक्षी नेताओं के प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अन्य नेताओं को हिरासत में लिए जाने का भी विरोध किया। कांग्रेस नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा मुद्दा बताते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम का संचालन जिला ग्रामीण प्रभारी शिवकुमार उपरिंग ने किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता और विपक्ष की आवाज को दबाने का कोई भी प्रयास स्वीकार नहीं किया जा सकता। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस का आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

सेवा ज्योति कलश यात्रा का लाइव प्रसारण किया

आरोन। शासकीय महाविद्यालय आरोन में 7 अक्टूबर 2026 को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा ज्योति कलश यात्रा का लाइव प्रसारण आयोजित किया गया। प्राचार्य सुश्री महाविद्या उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। लाइव प्रसारण के माध्यम से विद्यार्थियों ने सेवा ज्योति कलश यात्रा से जुड़ी गतिविधियों को देखा तथा सेवा, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्रहित की भावना से जुड़ने का संदेश प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए सकारात्मक सोच के साथ समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया।

इसी श्रृंखला में पूर्व में आयोजित सीएम यूथ कॉन्क्लेव के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को युवा शक्ति, व्यक्तित्व विकास, करियर निर्माण एवं भविष्य की संभावनाओं की जानकारी देते हुए अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

कृष्ण लीलाओं का मार्मिक वर्णन, भक्ति में झूमे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्भराज

नामदेव धर्मशाला में यजमान डॉ. रामस्वरूप मीणा के सौजन्य से सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रवक्ता पं. मुकेश पारीक के मुखारविंद से भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का मार्मिक एवं भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में रसिक श्रोता भगवान की भक्ति में लीन होकर कथा का अमृतपान कर रहे हैं। भजनों और संगीतमयी प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूमते-नाचते हुए धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। कहा कि मनुष्य को सदैव धर्म के मार्ग पर चलते हुए भगवान का गुणगान करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपने आचरण और चरित्र को उज्ज्वल बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को धर्म, संस्कृति और संस्कारों से जोड़कर संस्कारवान बनाना आज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, ताकि युवा पीढ़ी भगवान के प्रति समर्पण भाव रखते हुए समाज और देश की सेवा में अपना योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन के प्रत्येक क्षण का सदुपयोग करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए और निरंतर सद्कर्म करते रहना चाहिए। अच्छे कर्मों और धर्म के मार्ग पर चलकर ही मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है।

राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व प्रकरणों व स्वामित्व अधिकार अभिलेखों की समीक्षा

अशोकनगर। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। कलेक्टर साकेत मालवीय ने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो तथा शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में स्वामित्व योजना के अंतर्गत स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के निष्पादन एवं पंजीयन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए आवश्यक प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को स्वामित्व अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराने तथा उनके पंजीयन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। बैठक के दौरान राजस्व संबंधी अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई तथा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के निराकरण में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अवैध कब्जा के प्रकरणों, केन्द्रीय मंत्री द्वारा पिपरई, कचनार, ईसागढ़ में आयोजित जनसुनवाई तथा जनसंपर्क कार्यालय से प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

दिव्यांगजनों के सम्मान, अधिकार और स्वावलंबन के लिए भाजपा प्रतिबद्ध : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा दिव्यांगजन प्रकोष्ठ द्वारा गुरुवार को दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, जिला अशोकनगर में दिव्यांगजन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना, उनकी समस्याओं का समाधान कराना तथा उन्हें अधिकारों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम में दिव्यांगजनों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं को जाना गया तथा संबंधित अधिकारियों के समक्ष उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव एवं पहल की गई। शिविर में दिव्यांग प्रमाण-पत्र, सहायक उपकरण, दिव्यागजनों को पेंशन, रोजगार, शिक्षा एवं शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर भाजपा दिव्यांगजन प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक बृजकिशोर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने दिव्यांगजनों को 'दिव्यांग' के सम्मानजनक संबोधन से लेकर उनके अधिकारों, सुविधाओं और आत्मनिर्भरता तक अनेक महत्वपूर्ण पहल की हैं। भाजपा का सेवा संकल्प है कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े प्रत्येक पात्र दिव्यांगजन तक पहुंचे।

उन्होने कहा कि दिव्यांगजन समाज पर बोझ नहीं, बल्कि समाज की शक्ति और महत्वपूर्ण भागीदार हैं। उन्हें समान अवसर, सम्मान और आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। भाजपा दिव्यांगजन प्रकोष्ठ प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक दिव्यांगजनों को संगठन से जोड़ने और उनके हितों के लिए निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। उपस्थित दिव्यांग जनों को कार्यक्रम स्थल पर सहायक उपकरण अतिथियों द्वारा वितिरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्मेन्द्र रघुवंशी जिला मंत्री भाजपा,देवेन्द्र तिवारी, अभय कलावत एवं दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अधिकारी, कर्मचारी, दिव्यांगजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एसयूसीआई ने विरोध प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



एसआईआर को रद्द करने, बढ़ती महंगाई, पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के बढ़ते दामों एवं शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी के निजीकरण, स्मार्ट मीटर, बढ़ती नशाखोरी, महिलाओं बच्चियों पर बढ़ते अपराधों सहित सरकारों की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एसयूसीआई ने विरोध प्रदर्शन किया।

आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मेहनतकश वर्ग की क्रांतिकारी पार्टी के जिला सचिव सचिन जैन ने कहा कि वर्तमान में देश और प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है। विज्ञान और तकनीक की अद्वितीय विकास के बावजूद आज आम आदमी का जीवन कठिनाइयों से जूझ रहा है। आमजन आज भयंकर महंगाई बेरोजगारी से जूझ रहा है। पेयजल का जानबूझकर मेंटीनेंस खत्म किया जा रहा है ताकि दूषित पानी के विकल्प के तौर पर कैम्फर वाले आरओ वाटर का धंधा चमक सके। इसी तरह बिजली कम्पनियों के मुनाफे के लिए और आम जनता को लूटने के लिए बिजली के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। महंगे बिजली बिलों से लोग बिजली कम्पनी के कर्जदार हो गये हैं। वहीं दूसरी तरफ तमाम सार्वजनिक उपक्रमों जैसे रेलवे, संचार, बीमा, आयुध कारखाने, गेल- भेल आदि में निजी निवेश को मंजूरी देने से न केवल महंगाई बढ़ रही है बल्कि इनमें रोजगार के अवसर घट रहे हैं। प्रदर्शन को पार्टी जिला समिति सदस्य सावन बैरागी और राखी ने भी संबोधित किया। संचालन पार्टी जिला समिति सदस्य देवेंद्र विजौरे ने किया।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया

अशोकनगर। गुरूवार को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, उपकरण वितरण शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें जिला स्तर पर आयोजित दिव्यांगजनो के सशक्तिकरण हेतु जिला स्तरीय शिविर का आयोजन दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र अशोकनगर में किया गया। शिविर में लगभग 460 दिव्यांगजन उपस्थित हुये। उपस्थित दिव्यांगजनो का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जिसमें 35 दिव्यांगजनो के यूडीआईडी कार्ड बनाये गये, 12 दिव्यांगजनो को ट्रायसाइकिल, 10 दिव्यांगजो को व्हीलचेयर, 06 दिव्यांगजनो वैशाखी, 04 दिव्यांगजनो को वोकर, स्टिक 06, ट्रायपेड 03, कमर पटटा 05, घुटने का पटटा 04, स्मार्ट केन 01, कवोर्ड चेयर 01 आदि उपकरण वितरण किये गये। उपस्थित दिव्यांगजनो को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष अनुरागी द्वारा विधिक जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में माधुरी पटेल उपसंचालक सामाजिक न्याय, धर्मेन्द्र रघुवंशी, रामवीर धाकड सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नगरपालिका तथा विभागीय स्टाफ उपस्थित रहा।

'जो दूसरों को जानता है वह विद्वान है और जो स्वयं को जानता है वह बुद्धिमान है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि निरंजन सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिसके द्वारा जाना जाता है या जानना जिसका मुख्य लक्षण है वह ज्ञान कहलाता है। ज्ञान का प्रयोग किस प्रकार करें, कैसा करना है, किसके लिये करना है, क्यों करना है, कितना करना है आदि प्रश्न उठना एक सामान्य सी बात नहीं।

उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा चिन्तन है जो आपको आपके ज्ञान के सदुपयोग के विषय में आपकी जागरूकता को दर्शाता है। आज ज्ञान का प्रयोग स्वयं को जानने में ना करके दूसरों को जानने में अत्यधिक किया जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति के अन्दर दूसरों को जानने की उत्कंठा इतनी तीव्र रहती है जिसकी पूर्ति के लिये वह हर सीमा को पार करने को भी तैयार रहता है। आचार्यों ने स्पष्ट कहा है जिसने स्वयं को जान लिया है उसने सब कुछ जान लिया है। आज व्यक्ति स्वयं के विषय में तो जानता नहीं और दूसरों के बारे में पूरी-पूरी जानकारी रखता है। ऐसा व्यक्ति स्वयं का बहुत बड़ा शत्रु है। ऐसा ज्ञान व्यक्ति के लिए मात्र अभिशाप ही है। जितने भी महापुरुष इस भारतीय सनातन संस्कृति में आये हैं, उन्होने मात्र स्वयं को जानकर ही अपना और दूसरों का कल्याण किया है। दुनिया में ऐसे विरले ही लोग हैं जो खुद को जान पाते हैं, समझ पाते हैं। जो खुद को जान जाते हैं वे ही खुदा बन जाते हैं। भगवान आदिनाथ जी से लेकर भगवान महावीर स्वामी तक का इतिहास जब हम पढ़ते हैं तो हमें ज्ञात होता है कि किस प्रकार तीर्थंकरों ने भी सबसे पहले स्वयं को जाना और फिर जो आत्मज्ञान हुआ उससे जगत को जानकर जगत के कल्याण हेतु सम्यक उपदेश दिया। दूसरों को जानने से विद्वत्ता आती है और स्वयं को जानने से बुद्धिमत्ता आती है।



संभाग स्तरीय टेबल टेनिस पुरुष, महिला प्रतियोगिता की गई आयोजित

अशोकनगर। शासकीय विधि महाविद्यालय में संभाग स्तरीय टेबल टेनिस पुरुष/महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अशोकनगर, गुना एवं शिवपुरी जिले के समस्त महाविद्यालय की पुरुष/महिला टेबल टेनिस टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन सहयोगी शासकीय नेहरू महा विद्यालय के प्रांगण में किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान गुना जिले ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान अशोकनगर जिले ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान गुना जिला एवं द्वितीय स्थान शिवपुरी जिला ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ शासकीय अग्रणी नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर के प्रभारी प्राचार्य डॉ. विजयसिंह एवं शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर की प्रभारी प्राचार्य, डॉ. गरिमा राठौर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता शासकीय विधि महाविद्यालय की क्रीडा अधिकारी सुरभि नामदेव के मार्गदर्शन, ग्रंथपाल उर्मिला यादव के सहयोग एवं शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर के क्रीडा अधिकारी चन्द्रशेखर जाटव एवं शासकीय महाविद्यालय पिपरई की क्रीडा अधिकारी कु.भूरक्षा दुबे के योगदान से सम्पन्न हुई।

अशोकनगर में 4 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव की ध्वजारोहण के साथ शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



श्री अग्रवाल समाज, अशोकनगर द्वारा अग्रवाल पैलेस में महाराजा श्री अग्रसेन का 5150 वे जन्म जयंती समारोह की शुरूआत ध्वजारोहण से की गई, जिसमें समाज जनों ने भाग लिया। इसी के साथ 4 दिनों तक आयोजन होना प्रारम्भ हो गए हैं। ध्वजारोहण समारोह में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बलराम अग्रवाल, सचिव मनीष बंसल, वरिष्ठ जनों में सुरेश अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, अनिल बसंल, के साथ महिलाएं भी शामिल थीं।

जन्मोत्सव समारोह 08 से 11 तक मनाया जा रहा है, इसे सफल बनाने में श्री अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बलराम अग्रवाल, उपाध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल, सचिव मनीष बंसल, कोषाध्यक्ष पुनीत अग्रवाल (मुन्नू), और पी.आर.ओ. विकास अग्रवाल (नटराज) एवं वेदप्रकाश गोयल (शिक्षक) प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

साथ ही, अग्रवाल समाज महिला मण्डल की ओर से अध्यक्ष अर्चना बंसल, सचिव पूजा बंसल, कोषाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल जयपुरी, उपाध्यक्ष सरिता अग्रवाल और सह-सचिव अंजना अग्रवाल सहित समाज के सभी संरक्षक एवं कार्यकारिणी सदस्य अपना विशेष योगदान दे रहे हैं। शाम 05.30 बजे से श्री अग्रसेन मेला आयोजित किया गया जिसके बीच में म्यूजिकल तंबोला भी खिलाया गया। 09 एवं 10 अक्टूबर को इन दो दिनों में महिलाओं, बच्चों, बहुओं और सासु मां के लिए विभिन्न मनोरंजक और रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें गेम्स, फैंसी ड्रेस, डांस और क्रिएटिविटी (लिप्पन आर्ट, फोटो फ्रेम, चॉकलेट बुके बनाना आदि) प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

खबर संक्षेप

लोन की राशि दिलाए जाने पर की धोखाधड़ी

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत पिपरई निवासी अंसार अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आनंद परातें, राहुल परातें, निवासी मिश्रोद भोपाल ने प्रार्थी गणों से बकरी पालन केन्द्र के नाम लोन की राशि दिलाये जाने के लिए कमीशन के नाम से 20 से 25 लाख रूपए नगदी और फोन पे से धोखाधड़ी की। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

फ्रॉड कर 99 हजार रूपए निकाले

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत राहुल पुत्र सुखमाल जैन निवासी सुभाषगंज अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फरियादी की कोलुआ रोड़ पर दुकान है, किसी व्यक्ति द्वारा फरियादी का मोबाइल हैक कर 99 हजार रूपए निकाल कर ऑनलाइन फ्रॉड किया है। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

जुए के दो अडडों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। कोतवाली पुलिस ने अम्बेडकर मोहल्ला में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए दो अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। जिसमें एक स्थान से पुलिस ने निखिल सिंह अहिरवार,सतेन्द्र यादव और रवि अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 1900 रूपए जप्त किए हैं। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने ही दूसरे अडडे से ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए सागर अहिरवार, रविन्द्र अहिरवार, रोहित अहिरवार और दीपक अहिरवार को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 2750 रूपए जप्त किए हैं।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हैदर निवासी कृष्णपाल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजा सिंह, सार्थक केसु और विवेक यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छीपोन निवासी प्रेमसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भारतसिंह, अर्जुन, जितेन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खोकसी निवासी पार्वती बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीतेश, और श्रीलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोलाडेम निवासी हीरालाल बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामा बंजारा ने उससे मारपीट की और दांतों से काट लिया। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अचलगढ़ निवासी अक्षय राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी निक्का और बलकार सरदार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

लायंस हेल्पिंग हैंड ने आयोजित किया मधुमेह जांच शिविर



अशोकनगर। लायंस हेल्पिंग हैंड ने लायन संतोष चंदेल कि अध्यक्षता में आयोजित किया मधुमेह जांच शिविर। कार्यक्रम की संयोजक रही चंद्रेश यादव। लायंस क्लब इंटरनेशनल के सेवा सप्ताह के दौरान प्रांत से आए कार्यक्रमों में शामिल मधुमेह जांच शिविर का आयोजन वार्ड नंबर 15 में अन्या पाली क्लिनिक पर डॉ अनुज शर्मा के सानिध्य में किया गया। जिसमें मधुमेह के अलावा बीपी और सामान्य जांच भी की गई ।करीब 57 लोगों ने इसका लाभ उठाया। कार्यक्रम में क्लब उपाध्यक्ष लायन ज्ञानेश्वरी सक्सेना के साथ अन्य अतिथि भी उपस्थित रहे। डॉक्टर द्वारा क्या क्या परहेज करनी चाहिये एवं कैसी जीवन शैली का अनुसरण करना चाहिए इसकी सलाह मरीजों को दी गई। क्लब सदस्यों द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया।

पटवारियों ने जिले की सभी तहसीलों में बस्ते जमा कराए

अशोकनगर जिले में 280 पटवारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले में मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर अशोकनगर जिले के सभी 280 पटवाली अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिले की सभी तहसीलों में पटवारियों द्वारा बस्ता जमा किए गए, अब तक जिले में तीन पटवारियों पर निलंबन की कार्यवाही हो चुकी है। पटवारी मांग कर रहे हैं कि सेवा समाप्ति निलंबन और अन्य कार्यवाहियों को तत्काल प्रभाव से वापिस लिया जाए।

जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी ने बताया कि स्वामित्व रजिस्ट्री में निष्पादक की भूमि हटाने को लेकर पटवारी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जब शासन के द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई तब पटवारियों को मजबूरन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लेना पड़ा है। जिले भर के 280 पटवारी हड़ताल पर हैं उन्होंने अपने अपने तहसील क्षेत्र में बस्ते जमा करा दिए हैं। जिसके कारण जिले में पटवारी स्तर पर होने वाले कार्य ठप्प पड़ गए हैं। आने वाले दिनों में जिले भर के लोगों को पटवारियों की इस हड़ताल के कारण परेशानियों का सामना करना पडेगा। उन्होंने कहा कि बस्ते जमा करने से पहले शासन एवं प्रशासन को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया था कि पटवारी साथियों के विरुद्ध सेवा समाप्ति, निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्यवाहियों को तत्काल वापस लिया जाए तथा ऐसी कार्यवाहियों पर रोक लगाई जाए।

उन्होंने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से यह भी स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि यदि पटवारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाहियां जारी रहती हैं, तो प्रदेश का पटवारी संवर्ग ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहने के साथ आगामी कठोर आंदोलनात्मक निर्णय लेने के लिए बाध्य होगा। दुर्भाग्यवश, उक्त चेतावनी एवं संगठन द्वारा बार-बार शासन के संज्ञान में लाई गई समस्याओं के बावजूद प्रदेश के विभिन्न जिलों में पटवारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाहियां जारी हैं। शासन स्तर से इन कार्यवाहियों को तत्काल रोकने एवं पूर्व में की गई कार्यवाहियों को वापस लेने के संबंध में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में प्रदेश के पटवारी संवर्ग में अत्यंत आक्रोश एवं असंतोष व्याप्त है। संगठन के लिए अपने साथियों के विरुद्ध हो रही दंडात्मक कार्यवाहियों को स्वीकार करते हुए कार्य करना संभव नहीं है। जिसे लेकर पटवारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

जिले में तीन पटवारियों पर निलंबन की कार्यवाही

जिले में अब तक तीन पटवारियों पर निलंबन की कार्यवाही की जा चुकी है, अशोकनगर में बामौरीताल के पटवारी अरबिंद रघुवंशी पर निलंबन की कार्यवाही की गई है, ईसागढ तहसील में गणेशखेडा के पटवारी प्रेबवती बैंगा पर निलंबन की कार्यवाही हुई है और मुंगावली में बामौरी खुटिया के पटवारी किशोरी खेस को निलंबित किया गया है।

ग्राम बामोरीताल हल्का के पटवारी निलंबित

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग अशोकनगर इसरार खान द्वारा अरविंद रघुवंशी पटवारी प.ह.न. 25 बामोरीताल तहसील शाढौरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय तहसीलदार तहसील शाढौरा नियत किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम सेमरीलोहाबाद नक्शाविहीन ग्राम होने से उक्त ग्राम का नक्शा सेटेलाइट इमेज आधारित नक्शे तैयार कर स्थल सत्यापन कार्य समय सीमा में न किये जाने एव कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लाये जाने से कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब संतोषजनक एवं समाधानकारक नहीं पाए जाने पर यह कार्यवाही की गई।

पटवारी ग्राम बामोरीखुटिया निलंबित

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग मुंगावली बृज विहारीलाल श्रीवास्तव द्वारा किशोरी खेस, पटवारी ग्राम बामोरीखुटिया, तहसील मुंगावली को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग मुंगावली रहेगा। उल्लेखनीय है कि पटवारी किशोरी खेस द्वारा तहसीलदार तहसील मुंगावली के न्यायालय के माध्यम से न्यायालय मुंगावली के जाँच प्रतिवेदन हेतु प्रेषित ग्राम बामोरी खुटियां स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 233 रकवा 0.124 हे0 में से 1/4 यानि रकवा 0.031 हे0 एवं सर्वे क्रमांक 190 रकवा 1.588 हे0 में से 1/4 यानि रकवा 0.397 हे0 भूमि दुरुस्ती प्रकरण में बार बार पत्र जारी किये जाने के उपरांत भी अभय किशोरी खेस, पटवारी ग्राम बामोरी खुटिया, तहसील मुंगावली द्वारा पटवारी जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किये जाने से कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया। जिसके कारण यह कार्यवाही की गई।

गणेशखेड़ा पटवारी निलंबित

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़ द्वारा प्रेमवती बैगा, हल्का पटवारी गणेशखेड़ा, तहसील ईसागढ़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि तहसीलदार, तहसील ईसागढ़ द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि प्रेमवती बैगा, हल्का पटवारी गणेशखेड़ा, तहसील ईसागढ़ 26 जून 2026 से 15 सितम्बर 2026 तक कुल 82 दिवस बिना किसी पूर्व सूचना एवं सक्षम अधिकारी की अनुमति के अपने पदीय कर्तव्यों से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रही हैं। उक्त अवधि में न तो कार्यालय में विधिवत अवकाश आवेदन प्रस्तुत कर अवकाश स्वीकृत कराया गया और न ही अपनी अनुपस्थिति के संबंध में कार्यालय को कोई पूर्व सूचना दी गई। तहसीलदार तहसील ईसागढ़ द्वारा प्रेमवती बैगा के उक्त कृत्य की गंभीरता एवं लगातार 82 दिवस की अनाधिकृत अनुपस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही संस्थित किया जाकर निलंबन की कार्यवाही की गई।

रेलवे ट्रैक पर मिला नगर पालिका कर्मचारी का शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



शुक्रवार सुबह बीना-सागर रेलवे लाइन पर नगर पालिका के कर्मचारी का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 32 वर्षीय सतीश पिता सुखलाल पटेल निवासी वीर सावरकर वार्ड के रूप में हुई है। रेलवे ट्रैक पर कर्मचारी का शव मिलने की सूचना के बाद संबंधित विभागों में हलचल मच गई। वहीं पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की दी है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह रेलवे लाइन पर सतीश पटेल के शव की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और पंचनामा तैयार किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद परिजनों और परिचितों में शोक का माहौल है। दरअसल सतीश पटेल नगर पालिका में भृत्य के पद पर पदस्थ था।

घटना के कारणों की जांच में जुटी पुलिस- रेलवे ट्रैक पर सतीश पटेल के शव मिलने की घटना किन परिस्थितियों में हुई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि घटना दुर्घटनावश हुई या इसके पीछे कोई अन्य कारण था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मक्का के भाव को लेकर किसानों में नाराजगी

चंदेरी। मंडी में मक्का के भाव को लेकर किसानों में नाराजगी देखने को मिल रही है। कुछ किसानों का कहना है कि उनकी मक्का समर्थन मूल्य से काफी कम कीमत पर खरीदी जा रही है। किसानों ने व्यापारियों और मंडी समिति के कर्मचारियों पर मिलीभगत के आरोप लगाते हुए उचित जांच और कार्रवाई की मांग की है। किसानों के मुताबिक, वर्तमान भाव में उन्हें अपनी उपज की लागत निकालने में परेशानी हो रही है। उनका कहना है कि मक्का उत्पादन में बीज, खाद, दवा, सिंचाई और मजदूरी पर खर्च होने के बाद यदि उपज कम कीमत पर बिकती है तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों ने मांग की है कि मंडी में मक्का की खरीद प्रक्रिया पारदर्शी हो और उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य मिले। वहीं, मंडी प्रबंधन ने किसानों की शिकायत पर अलग पक्ष सामने रखा है। मंडी के प्रभारी सचिव राजेश शर्मा के अनुसार, मक्का के भाव उसकी गुणवत्ता और नमी के आधार पर निर्धारित हो रहे हैं। सूखी और उच्च गुणवत्ता वाली मक्का समर्थन मूल्य पर अथवा उससे अधिक कीमत पर बिक रही है। इसके विपरीत गीली और कम गुणवत्ता वाली मक्का के दाम कम मिल रहे हैं। मंडी प्रबंधन के अनुसार, वर्तमान में कई किसान ऐसी मक्का लेकर मंडी पहुंच रहे हैं, जिसमें नमी अधिक है। ऐसी मक्का को सुखाने के बाद उसके वजन में करीब 30 से 40 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है।

15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

जूट प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार की ओर बढ़ेंगी छात्राएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अशोकनगर के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 15 दिवसीय 60 घंटे के विषय-जूट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2026 तक किया जा रहा है। प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में जूट से उपयोगी एवं आकर्षक उत्पाद तैयार करने का कौशल विकसित कर उन्हें आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार और उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करना है।

प्रशिक्षण में थैला, फाइल तथा साज-सज्जा सामग्री सहित जूट से निर्मित विभिन्न उपयोगी वस्तुओं के निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।कार्यक्रम में नाहिद नकवी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को जूट उत्पाद निर्माण की तकनीक,रचनात्मकता तथा उसके व्यावसायिक उपयोग की जानकारी प्राप्त होगी। नाहिद नकवी ने प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी हुनर को केवल सीखना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे आत्मविश्वास और रचनात्मकता के साथ स्वरोजगार में परिवर्तित करना ही वास्तविक सफलता है। कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डॉ. योग्यता भार्गव ने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार के पारंपरिक अवसरों के साथ-साथ कौशल-आधारित स्वरोजगार अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल हस्तकौशल प्रदान करना नहीं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, सृजनात्मकता, उद्यमशीलता और आत्मनिर्भर बनने की भावना विकसित करना भी है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय सिंह ने कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ कौशल से जोड़ते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम में गौरव अंजन का सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर डॉ. दीक्षा भट्ट,डॉ. राजकुमार जाट,डॉ. रेखा शर्मा, डॉ. हिमांशी गंगवार, अर्चना, रश्मि, गंगीता सहित महाविद्यालय परिवार का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन ही बेहतर जीवन और उज्ज्वल भविष्य का आधार है: प्राचार्य

शासकीय कन्या महाविद्यालय में पोषण, माहवारी एवं मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन के मार्गदर्शन में पोषण एवं माहवारी तथा मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय चिकित्सालय से प्रीति राजपूत उपस्थित रहीं। प्रीति राजपूत ने छात्राओं को संबोधित करते हुए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व, माहवारी के दौरान स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किशोरियों एवं युवतियों के लिए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने छात्राओं को अपनी समस्याओं के प्रति जागरूक रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर परिवार, शिक्षकों एवं चिकित्सकों से संवाद करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन ही बेहतर जीवन और उज्ज्वल भविष्य का आधार है। उन्होंने छात्राओं से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, पौष्टिक आहार लेने तथा मानसिक तनाव को नजरअंदाज न करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी समस्या को लेकर संकोच नहीं करना चाहिए और समय पर उचित सलाह एवं उपचार लेना चाहिए। उन्होंने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं एवं समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा। मंच का संचालन डॉ. निशि भदौरिया द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. ममता चनाना रहीं।

अतिक्रमण व भूमि विवाद निपटाने मौके पर पहुंचा प्रशासन अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पलका टोरी औद्योगिक क्षेत्र में कई भूखंडों पर उद्योग स्थापित करने के लिए निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं, कुछ भूखंडों पर अतिक्रमण और आदिवासी भूमि होने के कारण निर्माण कार्य रुका हुआ है। इस समस्या के निराकरण के लिए पलका टोरी औद्योगिक क्षेत्र में तहसीलदार संतोष धाकड़ अपने राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ सांसद प्रतिनिधि व लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष संजीव जैन भारिल, सचिव विकास रघुवंशी और उद्योग विभाग के महाप्रबंधक सत्येंद्र लोधा भी मौजूद रहे। मौके पर तहसीलदार संतोष धाकड़ द्वारा कब्जाधारियों को कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए, जिस पर कब्जाधारियों ने घर बनाने के लिए वैकल्पिक जमीन की मांग रखी। बाबूलाल आदिवासी की जमीन के कुछ भूखंडों के बीच से निकलने के मामले को लेकर भी तहसीलदार संतोष धाकड़ और उद्योग विभाग के महाप्रबंधक सत्येंद्र लोधा के बीच पुराने राजस्व रिकॉर्ड को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।



नवरात्रि पर 14 जोड़ी ट्रेनों का मैहर स्टेशन पर होगा ठहराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

रेल प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहार नवरात्रि मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल से गुजरने वाली 14 जोड़ी ट्रेनों का मैहर स्टेशन पर 11 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक 5 मिनट का अस्थाई हाल्ट प्रदान किया गया है।

प्रारम्भिक तिथियों से चलने वाली निम्न ट्रेनों का मैहर स्टेशन पर ठहराव- भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 03:10/03:15 बजे 11 से 21 अक्टूबर तक। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:25/20:30 बजे 11 से 21 अक्टूबर तक।

ट्रेन नंबर 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 03:10/03:15 बजे 10 से 20 अक्टूबर तक। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:25/20:30 बजे 12 से 22 अक्टूबर तक। इसी तरह ट्रेन नंबर 12669 चेन्नई-छपरा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:50/20:55 बजे 10 से 19 अक्टूबर तक। ट्रेन नंबर 12670 छपरा-चेन्नई एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 07:25/07:30 बजे 12 से 21 अक्टूबर तक। ट्रेन नंबर 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 15:05/15:10 बजे 10 से 17 अक्टूबर तक। ट्रेन नंबर 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:40/11:45 बजे 12 से 190 अक्टूबर तक।

ट्रेन नंबर 11045 श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 17:20/17:25 बजे 16 अक्टूबर को। ट्रेन नंबर 11046 धनबाद-श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 22:25/22:30 बजे 12 से 19 अक्टूबर तक । ट्रेन नंबर 15268 एलएलटी-रक्सौल एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 10:40/10:45 बजे 12 से 19 अक्टूबर तक। ट्रेन नंबर 15267 रक्सौल-एलएलटी एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:25/11:30 बजे 10 से 17 अक्टूबर तक।

ट्रेन नंबर 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:05/11:10 बजे 15 अक्टूबर को। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय भोर 04:20/04:25 बजे 10 से 17 अक्टूबर तक। ट्रेन नंबर 17610 पूर्णा-पटना एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 10:40/10:45 बजे 15 अक्टूबर को। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 17609 पटना-पूर्णा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय सायं 17:15/17:20 बजे 17 अक्टूबर को।

इसके अलावा ट्रेन नंबर 22103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 06:45/06:50 बजे 12 से 19 अक्टूबर तक। ट्रेन नंबर 22104 अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 08:50/08:55 बजे 13 से 20 अक्टूबर तक। ट्रेन नंबर 18610 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-राँची एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 10:40/10:45 बजे 16 अक्टूबर को। ट्रेन नंबर 18609 राँची-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 13:40/13:45 बजे 14 से 21 अक्टूबर तक।

ट्रेन नंबर 22971 बांद्रा टर्मिनस-पटना एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 15:05/15:10 बजे 12 से 19 अक्टूबर तक। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 22972 पटना-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 08:15/08:20 बजे 14 से 21 अक्टूबर तक। 22131 पुणे-बनारस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:05/11:10 बजे 12 से 19 अक्टूबर तक। ट्रेन नंबर 22132 बनारस-पुणे एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:25/11:30 बजे 14 से 21 अक्टूबर तक। ट्रेन नंबर 15647 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गुवाहाटी एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय मध्य रात्रि 01:00/01:05 बजे 16 अक्टूबर को। ट्रेन नंबर 15648 गुवाहाटी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय रात्रि 23:15/23:20 बजे 13 से 20 अक्टूबर तक।

इसके अलावा ट्रेन नंबर 19045 सूरत-छपरा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय मध्य रात्रि 02:00/02:05 बजे 11 से 21 अक्टूबर तक। ट्रेन नंबर 19046 छपरा-सूरत एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय रात्रि 22:40/22:45 बजे 11 से 21 अक्टूबर तक।

जनसंपर्क अधिकारी ने यात्रियों से अपील की है रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 रेल मदद से भी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।